भारत सरकार /GOVERNMENT OF INDIA
रेलमंत्रालय/ MINISTRY OF RAILWAYS
आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली
MODERN COACH FACTORY, RAEBARELI

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 04.03.2024

आरेडिका में मनाया राष्ट्रीय संरक्षण सप्ताह–2024

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना रायबरेली में राष्ट्रीय संरक्षण सप्ताह का आयोजन दिनांक–04 मार्च 2024 से 10 मार्च 2024 तक किया जा रहा है। आरेडिका के महाप्रबंधक श्री प्रशान्त कुमार मिश्रा ने अधिकारियों के साथ राष्ट्रीय संरक्षा सप्ताह के उपलक्ष्य में संरक्षा बुलेटिन के तृतीय संस्करण का विमोचन किया एवं संरक्षा शपथ ग्रहण की गयी।

महाप्रबंधक महोदय ने बताया कि किसी राष्ट्र के निर्माण एवं प्रगति में औधोगिक जगत का अहम योगदान होता है। आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना भी भारतीय रेल की एक महत्वपूर्ण नवीनतम और अत्याधुनिक उपकरण से युक्त इकाई है। भारतीय रेल का योगदान हमारे राष्ट्र हित में सर्वोपरि है। कारखाने में कार्य के दौरान स्वंय की सुरक्षा, साथी की सुरक्षा एवं मशीन की सुरक्षा का विशेष ख्याल रखना अति आवश्यक हो जाता है। इन तीनों बातों का ध्यान रख कर कार्य करने से हम अपने कार्यों के प्रति सही जबावदेही को अंजाम दे सकते हैं तथा परिवार के प्रति भी अपने जिम्मेदारियों को सफलतापूर्वक निर्वाह कर सकते हैं। इस संरक्षा सप्ताह बुलेटिन में प्रकाशित कई उपयोगी जानकारी आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना के निर्माण कार्य में लगे सभी वर्ग के कर्मचारियों एवं अधिकारियों के लिए के लिए सहायक सिद्ध होंगी।

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना के डिप्टी सीएमई सेफ्टी श्री बी के कपूर ने बताया कि संरक्षा विभाग द्वारा राष्ट्रीय संरक्षण सप्ताह के दौरान सभी शॉपों में कर्मचारियों की सुरक्षा को सुनिश्चित करने हेतु संरक्षा उपकरणों के उपयोग एवं अग्निशमन प्रशिक्षण कराया जाएगाा है तथा संरक्षा जागरूकता को बढाने के लिए संरक्षा परामर्श सत्र एवं क्यूज प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा संरक्षण सप्ताह के अंतिम दिन विजेताओं को पुरस्कृत किया जाएगा।

इस अवसर पर आरेडिका के पीसीएमई श्री एस.एस.कलसी, सीएओ श्री संजय कुमार कटियार, पीसीईई श्री हरीश चन्द्र, पीसीएमएम श्री राजीव खण्डेलवाल, सीपीई श्री आनन्द प्रकाश सोनी, डिप्टी सीएमई सेफ्टी बी के कपूर सहित उच्च अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

04/03/2024

(आर.एन.तिवारी)
मुख्य जन संपर्क अधिकारी